प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 12.09.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- 18वां ब्रिक्स सम्मेलन आज से नई दिल्ली में–लचीलापन नवाचार सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण थीम पर, 11 देशों के बीच चर्चा होगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–विश्व में बढती व्यापारिक बाधाओं के बीच भारत, आर्थिक सेतु बनाने की दिशा में काम कर रहा है।
- प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण में लगभग 71 प्रतिशत मतदान हुआ–सबसे अधिक 91 दशमलव 59 प्रतिशत वोट बालोतरा के धोरीमन्ना में डाले गये।
- लम्पी रोग के बढते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार सतर्क–पशु मेले और हाट–बाजारों पर रोक लगाई।

0000

18वां ब्रिक्स सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा। दो दिनों तक चलने वाले इस वैश्विक सम्मेलन में विकासशील और उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले 11 देश शामिल होंगे, जिसमें ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, भारत, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। इस उच्च स्तरीय सम्मेलन के दौरान, ब्रिक्स सदस्य देशों के नेता कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जैसे वैश्विक शासन व्यवस्था, बहुपक्षवाद, व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आपदा से निपटने की क्षमता और जरूरी आपूर्ति श्रृंखला। ब्रिक्स सम्मेलन 2026 भारत की अध्यक्षता में हो रहा है। इसका थीम है **–लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण**। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतरस के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इस दौरान देशों के बीच आपसी संबंधों को और बेहतर बनाने तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक व्यापार को सुचारु बनाए रखने के लिए सुरक्षित समुद्री मार्ग, निर्बाध आपूर्ति मार्ग और समुद्री नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्‌वान किया है। उन्होंने ब्रिक्स देशों से व्यापारिक बाधाओं को दूर करने और कारोबार के लिए नए अवसरों का विस्तार करने की दिशा में काम करने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री कल शाम नई दिल्ली के भारत मंडपम में ब्रिक्स बिजनेस फोरम सत्र को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि भारत नौवहन की स्वतंत्रता और समुद्री नाविकों की सुरक्षा का प्रबल समर्थक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विश्व में बढ़ती व्यापारिक बाधाओं के बीच भारत आर्थिक सेतु बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

0000

फोरम को रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियां सहित कई वैश्विक नेताओं ने भी संबोधित किया।

0000

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रदेश के हर जिले में शी मार्ट स्थापित करने पर जोर दिया है। मंत्रालय के सचिव रोहित कंसल और मुख्य सचिव वी श्रीनिवास की संयुक्त अध्यक्षता में हुई बैठक में ये फैसला लिया गया। ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक में श्री कंसल ने कहा कि शीमार्ट के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार मिल सकेगा। साथ ही हस्तशिल्प के क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस दौरान राजीविका, विकसित भारत–जी राम जी योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की समीक्षा की गई।

श्री कंसल ने राजीविका के उत्पादों को बड़े बाजार से जोड़ने के लिए क्लस्टर विकसित करने और ई–सरस मेले आयोजित करने का सुझाव भी दिया। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत वर्ष 2026–27 के लिए प्रदेश को दो लाख 89 हजार नए आवासों का लक्ष्य मिला है। इनकी स्वीकृति की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

0000

जैसलमेर के पोखरण रेंज में भारतीय वायुसेना सोमवार से ड्रोनाथॉन–2026 आयोजित करेगी। तीन दिन के इस ड्रोनाथॉन में भारतीय उद्योग जगत की कंपनियां स्वदेशी ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों का विकास, परीक्षण और प्रदर्शन करेंगी। इस आयोजन का उद्देश्य घरेलू निर्माताओं को मानव रहित हवाई प्रणालियों और ड्रोन रोधी प्रणालियों में अपनी क्षमताओं और तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करने का अवसर देना है। ड्रोनाथॉन के जरिए मौजूदा जरूरतों के अनुरूप तकनीकी समाधान तलाशने और उनकी युद्धक प्रभावशीलता का आकलन करने में मदद मिलेगी।

0000

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण में लगभग 71 प्रतिशत मतदान हुआ है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, दूसरे चरण में 87 लाख 63 हजार 595 मतदाताओं में से 61 लाख 93 हजार 865 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके साथ ही दोनों चरणों में प्रदेश के सभी 309 नगरीय निकायों में कुल मतदान 72 दशमलव 95 प्रतिशत रहा है। दूसरे चरण में छह नगर निगम, 20 नगर परिषद और 121 नगरपालिकाओं सहित 147 नगरीय निकायों के लिए वोट डाले गये। इस दौरान चार हजार 774 वार्डों के लिए नौ हजार 758 मतदान केन्द्र बनाए गए थे और 18 हजार 266 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। आयोग के अनुसार, दूसरे चरण में बालोतरा जिले की धोरीमन्ना नगरपालिका में सबसे अधिक 91 दशमलव 59 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि सिरोही नगर परिषद में सबसे कम 62 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इससे पहले 9 सितम्बर को हुए पहले चरण में 162 नगरीय निकायों में 76 दशमलव 42 प्रतिशत मतदान हुआ था। दोनों चरणों में मतदान के बाद अब मतगणना 14 सितम्बर को होगी।

0000

प्रदेश में लम्पी रोग के बढ़ते मामलों को देखते हुए पशु मेलों और पशु हाट–बाजारों पर रोक लगा दी गई है। पशुपालन निदेशक डॉ. सुरेश चंद मीना ने जयपुर में लम्पी रोग की स्थिति और नियंत्रण उपायों की समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल प्रदेश के दस जिले लम्पी रोग से प्रभावित हैं, जिनमें अधिकतर पूर्वी राजस्थान के हैं। डॉ. मीना के अनुसार, सक्रिय गौवंशों में संक्रमण के मामले कम हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला तथा राज्य स्तर पर नियंत्रण कक्ष और त्वरित प्रतिक्रिया दल गठित किए गए हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीतारामजी भाले ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में घर–घर जाकर बीमार पशुओं का सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रोग की रोकथाम के लिए पशुपालकों को लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी देने को कहा। साथ ही जिन जिलों में अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है वहां निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

0000

पाली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2027 में भाग लेने के लिए युवाओं को प्रेरित किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी महेश सिंह शेखावत ने प्रेस वार्ता में बताया कि जिले के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में जाकर युवाओं को कार्यक्रम के उद्देश्यों, पंजीकरण प्रक्रिया और प्रतियोगिता के अलग–अलग चरणों की जानकारी दी जा रही है। पहले चरण में क्विज आयोजित की जा रही है। इसके बाद ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता होगी और आगामी चरणों में चयनित युवाओं को राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। ऑनलाईन क्विज में भाग लेने की आखिरी तारीख 30 सितम्बर है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में राजस्थान और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके पाली निवासी युवा मनीष सोमनानी ने अधिक से अधिक युवाओं से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

0000

प्रदेश में रणथम्भौर का त्रिनेत्र गणेश मेला और रामदेवरा मेला आज से शुरू हो रहे हैं। दोनों मेलों में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन और रेलवे की ओर से तैयारियां की गई हैं। सवाईमाधोपुर में तीन दिन तक चलने वाले त्रिनेत्र गणेश मेले के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। जिला कलक्टर कानाराम ने बताया कि मेले में साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और इसे सिंगल यूज प्लास्टिक तथा डिस्पोजल सामग्री से मुक्त रखा जाएगा। उन्होंने मेलार्थियों से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। उधर, रामदेवरा मेले में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए रेलवे की ओर से लालगढ़ से रामदेवरा के बीच दो जोड़ी मेला स्पेशल रेलगाडियां चलायी जायेगी। ये रेलगाड़ियां 19 सितम्बर से 22 सितम्बर तक चार–चार ट्रिप चलेंगी। दोनों रेलगाडियों का कोलायत और फलौदी स्टेशनों पर ठहराव होगा।

0000

जूनियर एशिया महिला हॉकी कप के पहले सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला दक्षिण कोरिया से होगा। चीन के मोकी में यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजकर 45 मिनट से खेला जाएगा। क्वार्टर फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को रिकॉर्ड 19–शून्य से शिकस्त दी थी। भारत पूल–ए में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है। इससे पहले कल भारतीय पुरुष टीम ने इसी स्पर्धा में मलेशिया को तीन–एक से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उधर महिला एशिया कप क्रिकेट में दुबई में कल भारतीय टीम का फाइनल में पिछले चैंपियन श्रीलंका से सामना होगा।

0000

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के आज सात वर्ष पूरे हो गए हैं। छोटे और सीमांत किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना वर्ष 2019 में आज ही के दिन शुरू की गई थी। योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को 60 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद हर महीने कम से कम तीन हजार रुपये की पेंशन सुनिश्चित की गई है। इस पेंशन योजना का उद्देश्य किसानों को वृद्धावस्था में आर्थिक स्थिरता और सम्मान के साथ जीवन जीने में सहायता देना है, ताकि उनका जीवन अधिक सुरक्षित और शांतिपूर्ण हो।

0000

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी – पीएमएवाई–यू के दूसरे चरण के अंतर्गत 18 लाख 77 हजार मकानों को मंजूरी दी है। इससे योजना के क्रियान्वयन को और गति मिलेगी तथा शहरी क्षेत्रों में सभी के लिए आवास के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह निर्णय नई दिल्ली में केंद्रीय स्वीकृति और निगरानी समिति की नौवीं बैठक में लिया गया। ये बैठक आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के शहरी विकास विभाग के सचिव सतेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। श्री सिंह ने राज्यों से योजना के दूसरे चरण के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन तथा निगरानी के लिए मिलकर प्रयास करने को कहा, ताकि योजना का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके।

0000